हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# अब तक महज 3% बारिश से किसान ठिठके, खेती-किसानी में हो रही देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 15 जून से मानसून की गतिविधियां शुरू होती है। इस बार मानसून का इंतजार कर रहे किसानों को फिलहाल मानसून की बेरूखी का सामना करना पड़ रहा है। अब तक प्री-मानसून की बारिश भी शुरू नहीं हो पाई है। यही कारण है कि किसान अपने खेतों को तैयार करने के काम में जुट नहीं पाए हैं। किसानों का कहना है कि अच्छी बारिश होने के बाद जुताई का पहला दौर हो जाएगा। इसके बाद पहली अच्छी बारिश के बाद रोपा लगाने की तैयारी की जाएगी। यह काम बारिश न होने से नहीं हो पाया है।

## दो दिनों से मौसम ने बदली करवट, बारिश का बढ़ने लगा आंकड़ा, खेती करने में मिलेगी राहत

### पर्याप्त वर्षा पर करें बुआई

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होती है तो किसान तेजी से बुआई पूरी कर सकते हैं। कृषि विभाग भी किसानों को सलाह दे रहा है कि वे मौसम की स्थिति को देखते हुए ही बुआई करें और पर्याप्त वर्षा होने के बाद ही धान की रोपाई शुरू करें। यदि मानसून जल्द सक्रिय होता है तो खरीफ सीजन की गति फिर से सामान्य हो सकती है।



### खाद, बीज और ऋण वितरण जारी

चालू खरीफ सीजन के लिए राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी सहित केसीजी जिले के लिए 1820 करोड़ रुपए के कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके विरुद्ध अब तक 977 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। चार जिलों में लगभग 87 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 54 प्रतिशत का भंडारण पूरा हो चुका है। सीजन के लिए 24592 क्विंटल बीज की मांग है। अब तक 12823 क्विंटल प्रमाणित बीज का भंडारण किया जा चुका है। किसानों को 4600 क्विंटल बीज का वितरण समितियों द्वारा किया जा चुका है।

### खेतों में नमी की कमी

समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की नर्सरी तैयार करने, बुआई और खेतों की जुताई जैसे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। राज्य के अधिकांश किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। जिसके बाद खरीफ फसलों की बोआई करेंगे। राज्य में धान प्रमुख खरीफ फसल है और इसकी खेती काफी हद तक मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से कई इलाकों में खेतों में नमी की कमी बनी हुई है। जिससे किसान बुआई शुरू करने का जोखिम नहीं उठा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून की धीमी रफ्तार का असर अब खरीफ सीजन की तैयारियों पर साफ दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 37.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोआई का लक्ष्य तय किया है। हालांकि मानसून की धीमी रफ्तार के कारण कई जिलों में खेतों की तैयारी और बोआई प्रभावित हुई है।

कृषि विभाग का कहना है कि पर्याप्त बारिश होते ही बोआई में तेजी आएगी और लक्ष्य हासिल करने के प्रयास किए जाएंगे। किसानों को बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## नीट परीक्षा कल, जिले में सुरक्षा और गोपनीयता पर विशेष जोर

# हर कमरे में कैमरे से होगी निगरानी, 6 सेंटर में 1982 अभ्यर्थी देंगे नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर जिले में प्रशासनिक और सुरक्षा स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 21 जून को जिले के छह केंद्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में कुल 1982 परीक्षार्थी शामिल होने जा रहे हैं।

इस बार परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए प्रशासन बेहद गंभीर नजर आ रहा है। जिले में परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह अभेद्य बनाने के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरे से लेकर अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। परीक्षा के दौरान गोपनीयता बनाए रखना प्रशासन की सबसे पहली प्राथमिकता है और इसके लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा की कमान राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा कराने वाली नोडल एजेंसी के हाथों में सुरक्षित रहेगी, ताकि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। जिले में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए छह प्रमुख शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।



### इन केंद्रों में परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था यानी आईटीआई कॉलेज, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल और प्रतिष्ठित दिग्विजय कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हर जिले की तरह राजनांदगांव में भी केंद्रीय विद्यालय को मुख्य नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, जो सभी केंद्रों के बीच समन्वय और व्यवस्थाओं की निगरानी का काम सम्हालेगी।

### कर्मचारियों की तैनाती

परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी की तबीयत बिगड़ने या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हर केंद्र पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक विशेष मेडिकल टीम तैनात रहेगी। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान योग दिवस का अवसर होने के कारण ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के बोझ से राहत देते हुए विशेष छूट और स्वतंत्रता प्रदान की जाएगी।

### प्रवेश और परीक्षा का समय चक्र

दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह ग्यारह बजे से ही शुरू कर दिया जाएगा। केंद्रों में प्रवेश की यह प्रक्रिया दोपहर डेढ़ बजे तक ही संचालित होगी। डेढ़ बजे के बाद किसी भी छात्र को केंद्र के भीतर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इसलिए परीक्षार्थियों को समय पर पहुंचने की हिदायत दी गई है।

### मॉकड्रिल से परखी जाएगी मुस्तैदी

परीक्षा के वास्तविक आयोजन से पहले व्यवस्थाओं को पूरी तरह परखने के लिए बीस जून को सुबह ग्यारह बजे से एक विशेष मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस मॉकड्रिल के माध्यम से सुरक्षा उपकरणों, कैमरों, जैमर और बिजली बैकअप की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की जाएगी, ताकि परीक्षा के दिन किसी भी तकनीकी खामी का सामना न करना पड़े।

### स्टेशन में भी व्यवस्था

नीट की परीक्षा को लेकर रेलवे प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। बताया गया कि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की व्यवस्था को लेकर फोर्स की तैनाती के साथ होल्डिंग एरिया भी बनाया जा रहा है।

**रहेगी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था:** परीक्षा के दिन सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए हर केंद्र पर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार की बाहरी दखलंदाजी को रोकने के लिए पुख्ता पुलिस बल तैनात रहेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परीक्षा के दौरान किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को क्लास रूम के भीतर जाने की अनुमति कतई नहीं होगी। पूरे परीक्षा कक्ष की निगरानी केवल और केवल हाईटेक कैमरों के जरिये की जाएगी। प्रत्येक कक्षा में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। जिनकी लाइव मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। इसके अलावा परीक्षा के दौरान किसी भी डिजिटल गैजेट या मोबाइल के दुरूपयोग को रोकने के लिए सभी केंद्रों पर आधुनिक जैमर लगाए जाएंगे। बिजली की सुचारू आपूर्ति के लिए भारी क्षमता वाले जनरेटर की व्यवस्था भी की गई है, ताकि परीक्षा में कोई व्यवधान न आए।

# खाद-बीज के लिए चक्काजाम

## वनांचल के किसानों ने किया प्रदर्शन, दिखी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वनांचल के किसानों को खेती-बाड़ी शुरू होने के बाद भी खाद-बीज नहीं मिलने तथा पेट्रोल डीजल की कीमत में हुई वृद्धि को लेकर गुरुवार को कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं किसानों ने पैलीमेटा के मुख्य चौक में धरना प्रदर्शन किया तथा पैलीमेटा साल्हेवारा मार्ग में चक्काजाम कर अपनी आवाज बुलंद किया। करीब डेढ़ घंटे तक क्षेत्र के सैकड़ों किसान एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता बीच सड़क पर हल लेकर बैठे रहे। मार्ग में आवागमन डेढ़ घंटा तक बाधित रहा तथा नारेबाजी कर सरकार और विभाग का ध्यान आकर्षित किया एवं तत्काल खाद-बीज आपूर्ति करने की मांग किया।

वहीं समय पर किसानों को खाद नहीं मिलने पर सड़क पर आकर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। चिलचिलाती धूप में किसानों की भीड़ और आक्रोश चरम पर देखने को मिला। ज्ञात हो कि खरीफ सीजन में फसल बुआई को लेकर किसानों की सभी तैयारी पूर्ण हो चुका है। मानसूनी बारिश होते ही फसलों की बुआई कार्य जोर शोर से शुरू हो जाएगा, परन्तु पैलीमेटा, ठाकुरटोला, मोहगांव सोसाइटी के किसानों को अब तक खाद नहीं मिल पाया है। जानकारी के मुताबिक सोसाइटी में डीएपी खाद विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिसकी यूरिया, पोटाश एवं राखड मांग से भी आधा उपलब्ध कराया गया है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान रोज सोसाइटी का चक्कर काट रहे हैं, पर उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है।

⏩ शेष पेज 16 पर

### खाद-बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन

किसानों की मांग को लेकर आयोजित प्रदर्शन एवं चक्काजाम के बाद कार्यकर्ताओं ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार को अपना मांग पत्र सौंपा। विभाग द्वारा दो दिन के अंदर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। वर्तमान में पैलीमेटा, ठाकुटोला सोसाइटी में किसानों को एक भी खाद की बोरी नहीं मिलना बताया गया। डीएपी के अलावा कुछ अन्य खाद सोसाइटी में उपलब्ध कराया गया है, जो मांग से काफी कम है।

### उत्पादन लागत बढ़ा

किसानों ने बताया कि डीजल-पेट्रोल के दाम वृद्धि होने से फसल का उत्पादन लागत बढ़ गया है। कीमत बढ़ने से उन्हें अतरिक्त भार सहना पड़ रहा है। वहीं उन्हें मांग के अनुरूप डीजल-पेट्रोल भी समय पर नहीं मिल रहा है। जिसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ेगा। वहीं खाद नहीं मिलने से किसानों को फसल बुआई करने की समस्या खड़ी हो गई। किसान महंगे दाम पर दुकान से खाद खरीदने मजबूर हो गए हैं तथा कृषक फसल बुआई करने बैंक से बड़ा कर्ज ले चुके हैं। अगर समय पर फसल बुआई और पर्याप्त उत्पादन नहीं हुआ तो कृषक कर्ज के बोझ में दबने आशांकित है।

### खुले बाजार में बिक रहा पर्याप्त खाद

कांग्रेसियों ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम नहीं कर रही है तथा किसानों को चारों तरफ से परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। एक तरफ सोसाइटी में खाद नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ दुकानों में वही खाद तीन गुने दाम पर किसानों को बेचा जा रहा है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है। इससे स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार चरम पर है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके पास से 30 पौवा देशी शराब जब्त कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में 19 जून को मोहारा बायपास रोड किनारे दबिश देकर आरोपी मनीष गुप्ता निवासी राजीव नगर को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब कीमती 2640 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## मांय एंगल




# तस्करी कर तीन मवेशी महाराष्ट्र ले जाते आरोपी गिरफ्तार, दस्तावेज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



मवेशियों को क्रूरतापूर्वक हकालते हुए महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 18 जून को थाना गातापार में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति 3 बैलों को लाठी से मारते-पीटते, गले एवं पैरों में रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के महाराष्ट्र की ओर कत्लखाने ले जा रहा है।सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद एक व्यक्ति 3 बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए आता दिखाई दिया। रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रमेश कुमार गोयल 52 वर्ष निवासी ग्राम ईटार बताया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी से मवेशियों के खरीदी-बिक्री एवं परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान आरोपी द्वारा बैलों को रस्सियों से बांधकर तथा कील लगे डंडे से मारते-पीटते हुए बिना चारा-पानी के ले जाना पाया गया। पुलिस ने आरोपी से 3 बैल, रस्सियां, कील लगा डंडा, एक मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

# फरार नक्सल समर्थक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गढ़चिरौली पुलिस ने हत्या के मामले में 11 साल से वांछित नक्सल समर्थक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया है।

गढ़चिरौली पुलिस बल ने माओवादी विरोधी अभियान के तहत एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। जिसमें 17 जून को पिछले 11 वर्षों से फरार एक नक्सल समर्थक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक नक्सल समर्थक आरोपी बापू वेंकट जांगम निवासी नादिकुड़ा पुलिस रिकॉर्ड में ग्राम रक्षक दल जीआरडी की सूची में शामिल है और माओवादियों की मदद करने वाले जनमिलिया संगठन से जुड़ा हुआ है। आरोपी लंबे समय से फरार था, इसलिए उसे ढूंढने के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार 17 जून को असराली पुलिस स्टेशन की टीम को गोपनीय सूचना मिली कि आरोपी बापू वेंकट जांगम निवासी नादिकुड़ा जो पिछले कई वर्षों से फरार था, अपने परिवार से मिलने गांव आया है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत सुनियोजित कार्रवाई करते नादिकुड़ा गांव को घेर लिया और गांव में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान जब पुलिस टीम ने आरोपी को नादिकुड़ा के शेतशीवार इलाके में पाया, तो पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते उसे हिरासत में ले लिया और गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बापू वेंकटी नादिकुड़ा विभिन्न गंभीर अपराधों में वांछित आरोपी है और उसके खिलाफ असराली पुलिस स्टेशन में कई मामले दर्ज हैं।




## पीएम रिपोर्ट आने के बाद सामने आएगा मौत का कारण

# मुस्कान के दोस्तों से पूछताछ कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मनगटा के रिसोर्ट में संदिग्ध स्थिति में मिली युवती की लाश मामले में अब पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ा दी है। पुलिस टीम मौके पर मौजूद सभी अन्य सात लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। इसके साथ ही पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज और संदिग्ध लोगों के फोन की डिटेल तलाश रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीएम रिपोर्ट के आने बाद ही मामले में कोई खुलासा हो पाएगा।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार सुबह भिलाई निवासी 24 वर्षीय मुस्कान तिवारी की संदिग्ध हालत में मनगटा स्थित विसली वुड रिसोर्ट में मिली थी। बताया गया कि मुस्कान अपने अन्य साथियों के साथ बुधवार की देर रात भिलाई से जन्मदिन की पार्टी मनाने निकली थी। वे लोग पहले रायपुर स्थित एक नाईट क्लब गए थे, जहां जश्न मनाने के बाद कुल आठ लोग मनगटा स्थित फार्म हाउस पहुंचे थे। फार्म हाउस पहुंचने के बाद सभी कमरे में थे। इसी दौरान मुस्कान बाथरूम गई, जब खाना खाने के लिए मुस्कान को बाथरूम बुलाने गए, एक मित्र ने देखा कि वह वहां पड़ी हुई है, तब हड़कंप मच गया। सभी दोस्तों ने मुस्कान को उठाने का प्रयास किया, लेकिन उसके नहीं उठने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।



### मामले में जांच जारी

मनगटा क्षेत्र में युवती की मौत मामले में पुलिस जांच कर रही है। इस संबंध में पूछताछ भी जारी है। जांच पश्चात मामला स्पष्ट हो पाएगा।

**- कीर्तन राठौर,**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

### पीएम रिपोर्ट का इंतजार

इस मामले में अब सबसे महत्वपूर्ण मुस्कान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बन गई है। बताया जा रहा है कि दो से तीन दिन में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ जाएगी। जिसके अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि तब तक पुलिस टीम अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पुलिस ने रिसोर्ट में लगे इकलौते कैमरे की फुटेज भी अपनी जांच के लिए ले ली है।

### नया क्राईम जोन बना

मनगटा में इस तरह ही यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई दफा उस क्षेत्र में बने रिसोर्टस से ऐसी खबरें सामने आ चुकी है। नशे में धुत युवा रिसोर्ट में जमकर नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ जाते हैं। इसके अलावा मनगटा के फार्म हाउस में जुआ, शराबखोरी, जिस्मफरोशी जैसे काले कारोबार की लगातार जानकारी सामने आती रही है। यही कारण है कि उस इलाके में लगातार औचक निरीक्षण किए जाने की जरूरत बढ़ गई है।

### सभी एंगल से हो रही जांच

पुलिस टीम ने मुस्कान के सात दोस्त जो मौके पर मौजूद थे, सभी से शुरूआती पूछताछ कर ली है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान सभी दोस्त एक जैसी कहानी ही बता रहे हैं। ऐसे में पुलिस टीम भी बड़े ही सावधानी से आगे बढ़ रही है। टीम इस मामले को घटना के साथ ही मर्डर जैसे एंगल के तहत भी जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप



### सीसी रोड का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कुसमी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने 7 लाख 80 हजार की लागत से वार्ड क्र. 4 से वार्ड 5 तक बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अनिल सिन्हा, तेजलाल वर्मा, योगेश वर्मा, अमर साहू, तीरथ पटेल थे। इस मौके पर श्रीमती साहू ने विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि उनका लाभ युवा, मजदूर, किसान एवं महिलाओं को मिल रहा है। इस दौरान अनिल कंवर, भागवत पटेल, शालिनी टेंभुरकर, मानकुंवर कंवर, सुनीता कंवर, रामकली पटेल आदि उपस्थित थे।

### वार्ड 2 में गहराया पेयजल संकट

**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 2 में पेयजल संकट, जर्जर पुल और खराब पानी टंकी पर वार्डवासियों ने गंभीर चिंता जताई है। लोगों का आरोप है कि लंबे समय से शिकायत करने के बाद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि नलों से नियमित पानी नहीं मिल रहा है वहीं पालिका पर्याप्त टैंकर भी नहीं भेज रही है। लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बतायाकि कुएं में नाले का गंदा पानी रिस रहा है, जिससे जल दूषित हो रहा है। नाले पर बना पुल जर्जर हो गया है। मरम्मत नहीं होने से हादसा होने का खतरा बना हुआ है।

### चन्द्राकर नए थाना प्रभारी

**डोंगरगढ़।** पुलिस प्रशासन ने भूषण चंद्राकर को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने इस आशय का आदेश जारी किया है। इससे पहले वह सुकुलदेहान में पदस्थ थे। नए थाना प्रभारी के सामने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अहम जिम्मेदारी होगी।



### राज्यसभा सांसद ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

**डोंगरगढ़।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने चंद्रगिरि जैन तीर्थ पहुंचकर आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।श्रीमती नेताम के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना किया। समाधि स्थल पर उन्होंने आचार्य श्री के त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक जीवन को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके आदर्श मार्गदर्शक रहे है। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, संध्या देशपांडे, हरीश भंडारी, पंचराम चंदेल, के विनायक राव, राहुल यादव, नरेंद्र वर्मा, इंद्रपाल सिंह राजा, किरण मेश्राम सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### बृजकिशोर अग्रवाल

**डोंगरगढ़।** गोलबाजार निवासी बृजकिशोर अग्रवाल का 73 साल की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाडी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। वह मंगल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल के भाई थे। उनके निधन पर सामाजिक जनों ने शोक व्यक्त किया है।



### निखिल वर्मा

**जालबांधा।** ग्राम पेटी निवासी श्यामलाल वर्मा के छोटे पुत्र निखिल वर्मा का 19 जून की रात्रि को निधन हो गया है। वह 23 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। इस दौरान परिवार एवं मित्रगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



---

विकास और निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा

# पंचायतें विकास की अहम कड़ी बेहतर कार्य करें सरपंच व सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शासन की जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में बेहतर योगदान देने वाले सरपंचों की सराहना करते हुए कलेक्टर ने उन्हे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर योजना का क्रियान्वयन करने वाली पंचायतों को 60 लाख तक के कार्यों की स्वीकृति मिल सकती है।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के सरपंचों की बैठक लेने कलेक्टर जितेन्द्र यादव यहां पहुंचे थे। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह भी बैठक में शामिल हुई। कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं, निर्माण कार्यों, मनरेगा, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, फसल चक्र परिवर्तन तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि पंचायतें योजनाओं के क्रियान्वयन की अहं कड़ी हैं और विकास में सरपंचों एवं सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरपंचों से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं, मूलभूत सुविधाओं तथा स्थानीय समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके सुझाव लिए।




### खेती को बनाए लाभकारी

कलेक्टर ने धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन से किसानों की लागत कम होगी और आय में वृद्धि होगी। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने पर खुज्जी के सरपंच अजय पंसारी, बड़गांव चारभांठा की सरपंच ज्योति साहू को सम्मानित किया। दोनों पंचायतों में किसानों को प्रेरित कर ग्रीष्मकालीन धान के रकबे को गत वर्ष की तुलना में शून्य कर अन्य फसलों की बुआई किया गया। बैठक में जनपद सीईओ रोशनी भगत सहित विभिन्न पंचायतों के सरपंच, सचिव शामिल हुए।

### बेहतर काम पर मिलेगा 60 लाख

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन पंचायतों द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा, उन्हें मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों के लिए 60 लाख रूपए तक की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने नाली, स्कूलों में निर्मित शौचालयों की मरम्मत एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सरपंच ने जताया कलेक्टर का आभार



**अर्जुनी।** ग्राम में पीएम सूर्य घर योजना के बेहतर क्रियान्वयन से प्रसन्न होकर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रोत्साहन स्वरूप 10 लाख की स्वीकृति दी है। इस पहल के लिए ग्राम पंचायत अर्जुनी की सरपंच ललिता साहू सहित पंचों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया है। सरपंच ललिता साहू ने बताया कि ग्राम में अब तक 50 घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ ग्रामीणों को बिजली बिल में राहत मिल रही है। पंचायत द्वारा अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

### आर्थिक विकास पर जोर

कलेक्टर ने पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टैक्स संग्रहण बढ़ाने तथा सामुदायिक भवन, व्यवसायिक परिसरों के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इनसे किराया लेने पर पंचायतों की नियमित आय हो सकती है। समर्थ पोर्टल के माध्यम से कर वसूली को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए उन्होंने बताया कि सर्वाधिक कर मांग ऑनलाइन जनरेट करने वाली ग्राम पंचायत कोकपुर एवं अर्जुनी के सरपंचों और सचिवों ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

### अर्जुनी की सरपंच सम्मानित

कलेक्टर ने सरपंचों एवं सचिवों को अधिक संख्या में सोलर कनेक्शन स्थापित कराने तथा गांवों को सोलर विलेज के रूप में विकसित करने कहा। बताया गया कि ग्राम पंचायत अर्जुनी में सर्वाधिक 43 सोलर कनेक्शन स्थापित किए गए हैं। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर अर्जुनी की सरपंच ललिता साहू को सम्मानित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत खुज्जी, तुमड़ीबोड़ एवं दीवानभेड़ी के प्रयासों की प्रशंसा की।

---

# बोरतलाव के पंचों ने किया मतदान का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत बोरतलाव के सरपंच कैलाश उइके के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मामले में बुधवार को नया घटनाक्रम सामने आया। पंचायत के 12 पंचों ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार करते हुए प्रशासन से अविश्वास प्रस्ताव पर पुनः प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

बताया गया कि पीठासीन अधिकारी के निर्देश पर मतदान प्रक्रिया के लिए मुनादी कराई गई थी लेकिन पंचों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। बहिष्कार करने वाले पंचों का आरोप है कि हस्ताक्षर सत्यापन के बाद से आठ पंच बाहर हैं, जिससे मतदान की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। पंचों ने आरोप लगाया कि संबंधित पंचों को मतदान से अलग करने के लिए बाहर ले जाया गया है। बहिष्कार करने वाले पंचों ने यह भी कहा कि जब तक सभी निर्वाचित पंच स्वतंत्र रूप से उपस्थित होकर मतदान नहीं करते, तब तक अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं मानी जा सकती। इस संबंध में पंचों द्वारा पीठासीन अधिकारी को आवेदन देने का प्रयास किया गया, जिसे स्वीकार नहीं किया।

### प्रभावित करने का आरोप

पंचों ने जनपद पंचायत के कुछ अधिकारियों पर प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया हैं। उन्होंने नई तारीख तय कर सभी पंचों की उपस्थिति में मतदान कराने की मांग रखी है। गौरतलब है कि बोरतलाव के 20 में से 18 पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन प्रस्तुत किया था।

# शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**सड़क अतरिया।** हाई स्कूल संड़ी में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात छात्रों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। पुस्तक वितरण किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य डोमारसिंह भेड़िया, सरपंच, कैलाश वर्मा, प्रकाश वर्मा, शंकर राम, प्रकाश गोलू वर्मा, श्री नेताम, श्री चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।

---

# योग से रोग मुक्त होने की कवायद, समापन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

स्वस्थ समाज और निरोगी काया के संकल्प के साथ गंडई नगर में आयोजित योग शिविर अब अंतिम चरण पर है। गत 15 जून से कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंडई में आयोजित शिविर नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। पतंजलि योग सेवा समिति और योग परिवार गंडई के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर 21 जून को संपन्न होगा।

इस शिविर में बीपी, शुगर, अर्थराइटिस, तनाव, मोटापा जैसी समस्याओं से जूझ रहे नगरवासियों ने योग, प्राणायाम और ध्यान का नियमित अभ्यास किया। प्रशिक्षकों द्वारा दी गई सरल और प्रभावी जीवनशैली संबंधी जानकारियों ने प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव शुरू कर दिए हैं। कन्या स्कूल गंडई में सुबह 6 बजे विभिन्न अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का आगाज किया गया जो एक घण्टे तक चला। इस दौरान योग प्रशिक्षक संदीप आर्या एवम अन्य ने योग का प्रशिक्षण देते हुए फायदे के बारे में बताया। आयोजक मंडल ने सभी नागरिकों से आगामी 21 जून को योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।



### मानपुर में योग का आयोजन कल

**मोहला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून को मानपुर के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः6 बजे से रखा गया है।कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे शामिल होकर योग के महत्व पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा।

# महाराणा प्रताप के शौर्य को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अखिल भारतीय राजपूत क्षत्रिय समाज तहसील इकाई एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना समिति ने समाजिक भवन मे महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाया।

राजपूत समाज के संरक्षक राजेंद्रसिंह ठाकुर, अध्यक्ष शिव ठाकुर, हिम्मतसिंह राजपूत, तेज ठाकुर, राधिका ठाकुर, प्रिया गहरवार, आरती ठाकुर, विभा ठाकुर, रीना परिहार, संगीता ठाकुर, अंजू ठाकुर ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर संरक्षक श्री ठाकुर ने कविताओं के माध्यम से महाराणा प्रताप के यश को याद किया। अध्यक्ष शिवकुमार ठाकुर ने विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य की जानकारी दी। प्रिया गहरवाल ने भी उल्लेखनीय बाते बताई। इस मौके पर देवीसिंह ठाकुर, प्रेमसिंह ठाकुर, महेश ठाकुर, बॉबी गहरवार, भारती ठाकुर, मंजू बैस, सपना ठाकुर, सुषमा बैस, पूर्णिमा सिंह आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। संचालन रामकुमार सिंह ने किया।



---

# टैक्स वसूलने बकायादारों के घर कर्मी दे रहे दस्तक



**खड़गांव।** ग्राम पंचायत खडगांव के ग्रामीण लंबे समय से नल, बिजली, मकान एवं व्यापार टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे है।

इस संबंध में पंचायत द्वारा समय-समय पर सूचना जारी करते हुए बकायादारों को भुगतान करने कहा जाता रहा है। लंबित भुगतान की वसूली के लिए सरपंच, सचिव एवं पंचों ने अभियान शुरू किया है। सरपंच सचिव एवं पंचों द्वारा चिलचिलाती धूप में घर घर जाकर बकाया टैक्स वसूली किया जा रहा है। सरपंच, सचिव एवं पंचों ने ग्रामवासियों से तीन दिनों के भीतर टैक्स का राशि जमा करने की अपील की है।


### श्रुति को मिली बीएड की डिग्री



**डोंगरगढ़।** डॉ. ममता दरगड़ एवं अशोक दरगड़ की पुत्रवधू तथा अमन दरगड़ की धर्मपत्नी श्रुति दरगड़ ने बीएड की डिग्री हासिल किया है। इस उपलब्धि से परिवार एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। श्रुति दरगड़ की इस सफलता पर परिजनों ने उन्हे बधाई दी है।

### कई विकास कार्य अधर में लटके

**डोंगरगढ़।** प्रसाद योजना के तहत निर्मित श्री यंत्र लोकार्पण की बाट जोह रहा है। योजना के तहत श्री यंत्र के अलावा प्रज्ञागिरि में उपासना केन्द्र भी बन गया है जिसका भी लोकार्पण होना है। उल्लेखनीय है कि शहर के धार्मिक महत्व को देखते हुए विकास के लगातार प्रयास किए जा रहे है किन्तु कार्य की धीमी गति से लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। धर्म नगरी के चंद्रगिरि तीर्थ, प्रज्ञागिरि, बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों को जोड़ने के लिए परिक्रमा पथ का निर्माण प्रस्तावित है। सर्वे के बाद यह काम अधर में दिखाई दे रहा है। प्रज्ञागिरि पहाडी पर आठ करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है। टेंडर प्रक्रिया के बाद काम शुरू होने की संभावना है। केन्द्र और राज्य सरकार विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल रही है किन्तु उसका लाभ होता नहीं दिख रहा रहा है।



# भाजपाइयों ने की सफाई, रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम अंतर्गत प्रभारी शिव वर्मा, रघुवीर सिंह वाधवा के नेतृत्व में ग्राम के श्री राम मंदिर, शिव मंदिर प्रांगण, दुर्गा मंदिर परिसर, हनुमान मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया।

इसी क्रम में दुर्गा मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया।मंडल भाजपा अध्यक्ष भुवन साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू, सरपंच ललिता साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, दुर्गेश सिन्हा, नागेश धनकर, भैयालाल साहू, मनीष पटेल, टीकम देवांगन, देवलाल साहू, चिंतामणि साहू, डोमन पटेल, मोहन साहू, प्रभुदत्त सोनकर, पारस साहू ने सफाई कर लोगों को स्वच्छता पर संदेश दिया। टामेश्वर साहू ने अर्जुनी को हरियर गांव बनाने के लिए सभी से आगे आने का आव्हान किया।



# अभाविप व खिलाड़ियों ने सौंपा ज्ञापन

## स्टेडियम समिति गठन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अभाविप एवं खिलाड़ियों ने नेहरू स्टेडियम के सुव्यवस्थित संचालन, रख-रखाव एवं समग्र विकास की मांग को लेकर एसडीएम, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, प्राचार्य तथा सीएमओ 10 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि स्टेडियम में खेल सुविधाओं एवं आधारभूत संरचनाओं के अभाव के कारण खिलाड़ियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण, खेल सामग्री, तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधनों की कमी बनी हुई है। ज्ञापन में स्टेडियम प्रबंधन समिति गठन, योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति, स्टेडियम की आय का खेल विकास में उपयोग, मैदान का उन्नयन, छात्र-छात्राओं के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, खेल विशेषज्ञों की नियुक्ति, खेल सामग्री, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, नियमित प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की मांग की गई है। एसडीएम ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुनील जैन ने भी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा तथा यथासंभव सकारात्मक कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान गुलशन चन्द्रवंशी, ओंकार यादव, ओम यादव, साहिल, निकुंज परमार, फलकदीप भाटिया, निखिल ब्राह्मणकर, आकाश साहू, वातुल्य जंघेल, चंदन गवली, कुंभलाल, मधुरिमा, खुशबू, पूर्णिमा, कल्पना सहित अन्य उपस्थित थे।

# बिजली दर बढ़ने से जनता त्रस्तः पाटिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने बिजली दर में बढ़ोतरी के फैसले को जनता की कमर तोड़ने वाला बताते हुए कहा कि आए दिन महंगाई बढने से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि मौका मिले तो जनता अब घुमका की तरह भाजपा को उखाड़ फेंकने में परहेज नहीं करेगी।

श्री पाटिला ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 30 से 50 पैसा प्रति यूनिट, गैर घरेलू के लिए 20 से 40 पैसा प्रति यूनिट और किसानों के कृषि विद्युत दरों में 40 पैसा प्रति यूनिट दर से बढ़ोतरी की है जिससे लोग सीधे प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ योजना शुरू कर जनता को राहत दी थी जिसे वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा कर सरकार आम जनता से वसूली कर रही है।

### खेती होगी महंगीः लोधी



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बिजली दरों तथा कृषि उपभोक्ताओं पर ऊर्जा प्रभार में की गई वृद्धि को जनविरोधी निर्णय बताते हुए सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल घरेलू उपभोक्ताओं पर ही नहीं बल्कि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला है। खरीफ सीजन की तैयारियों में जुटे किसानों के लिए यह निर्णय चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर में वृद्धि कर जनता की जेब पर बोझ डाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कृषि उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा प्रभार में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि कर किसानों को संकट में डाल दिया गया है। किसाने पहले से ही डीजल, खाद, बीज संकट से परेशान है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 24 को

**मोहला।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 24 जून को किया गया है। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के अनुमोदन के बाद जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव द्वारा यह मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बांधाबाजार में आयोजित होगा। रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड, असिस्टेंट मैनेजर, अकाउंट ऑफिसर, आईटी इंचार्ज, टीपीए मैनेजर, कॉरपोरेट मैनेजर, नर्सिंग स्टाफ, लैब एवं पैरामेडिकल टेक्नीशियन सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी।

सरपंच ने छात्रों का किया स्वागत

### नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**छुईखदान।** छुईखदान विकासखंड



की ग्राम पंचायत साखा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला साखा में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत साखा द्वारा विद्यार्थियों को ड्रेस एवं अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने मिला। सरपंच कपिनाथ महोबिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करने प्रेरित किया। इस अवसर पर पंचायत के पंचगण, ग्रामीणजन, अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### आवास योजना ने बदली डोमार की जिंदगी

**छुईखदान।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ग्रामीण गरीब



परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद पंचायत छुईखदान के ग्राम रैमड़वा, ग्राम पंचायत जगमड़वा निवासी डोमार साहू के परिवार की कहानी इस योजना की सफलता का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। डोमार साहू लंबे समय से अपने परिवार के साथ कच्चे और जर्जर मकान में निवास कर रहे थे। बरसात के दिनों में घर की छत टपकती थी तथा परिवार को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण स्वयं का पक्का मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत उनका चयन हुआ। योजना के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता से उन्होंने अपना पक्का और सुरक्षित आवास निर्मित किया। अब उनका परिवार एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में रह रहा है। पक्के घर के निर्माण से उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है तथा परिवार के सदस्यों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से भी राहत मिली है। डोमार साहू बताते हैं कि पहले कच्चे मकान में रहने के कारण हमेशा चिंता बनी रहती थी, विशेषकर वर्षा ऋतु में। आज प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत उनका अपना पक्का घर बन गया है, जिससे उनके परिवार को सुरक्षा और सम्मान का नया एहसास मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

---

बिजली दरों की वृद्धि को वापस लेने की मांग

# बिजली दरों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का विरोध, 100 यूनिट में 36 रु. का बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। प्रदेश कांग्रेस ने राज्य सरकार के फैसले का विरोध करते हुए इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर सीधा असर पड़ेगा।

इसी मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने मोहला-मानपुर- अंचौकी जिले में विधायक निवास पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कांग्रेस का पक्ष रखा। प्रेसवार्ता में संगीता सिन्हा ने कहा कि महंगाई पहले से ही लोगों की घरेलू अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। ऐसे समय में बिजली दरों में वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बनेगी।



**सीएम का जलाया पुतला**

कांग्रेसियों ने संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा के नेतृत्व में विष्णु देव सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोला, मोहला के फव्वारा चौक में जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया और नारेबाजी किया। महिला स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए सैनेटरी पैड का वितरण कियामहिला कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा के नेतृत्व में महिला बहनों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान रखते हुए सेनिटरी पैड का वितरण किया गया।

#### कांग्रेस ने दी थी राहत

संगीता सिन्हा ने कांग्रेस शासनकाल का हवाला देते हुए कहा कि उस दौरान बिजली दरों में सीमित बढ़ोतरी की गई थी और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 400 यूनिट बिजली हाफ योजना जैसी योजनाएं लागू थीं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने वाली नीतियों पर अधिक ध्यान दिया था।

#### स्मार्ट मीटर को लेकर लगातार शिकायत

संगीता सिन्हा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से स्मार्ट मीटरों को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उनकी वास्तविक खपत की तुलना में अधिक यूनिट दर्ज की जा रही है, जिससे बिजली बिल बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विषय पर व्यापक जांच कराई जानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं की आशंकाओं का समाधान हो सके।

## कलाकारों ने की संस्कृति विभाग के संचालक से भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मितान छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश मारू और लोक मंच संचालक संगठन के अध्यक्ष तिलकराजा साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक कलाकारों ने बीते दिनों रायपुर में संस्कृति एवं राजभाषा विभाग के संचालक संजय कन्नौजे से भेंट कर कलाकारों की समस्याओं का निराकरण करने का आग्रह किया।

संचालक श्री कन्नौजे से चर्चा करते श्री मारू ने कलाकारों की ग्रेडेशन सूची शीघ्र जारी करने, विभागीय कार्यक्रम की प्रस्तुति के उपरांत मानदेय का भुगतान मुख्य कलाकार और दल प्रमुख को करने, विभाग में पंजीकृत कलाकारों का परिचय पत्र जारी करने और विभागीय कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए कलाकारों के मानदेय में वृद्धि करने की मांग की।संचालक श्री कन्नौजे ने कलाकारों को बताया कि कलाकारों की नवीनतम ग्रेडेशन सूची एक सप्ताह के भीतर जारी कर दी जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में राजेश मारू, कविता वासनिक, महादेव हिरवानी, विष्णु कश्यप, दीपक महोबिया, तिलकराजा साहू, राकेश साहू, गोरेलाल बर्मन, ननकी ठाकुर, संतोष दिवाकर, चंद्रभूषण वर्मा, शिवा जांगड़े, चंदन बांधे, प्रदीप विश्वास, दिनेश देवांगन सहित सरगुजा, सारंगढ़ और बस्तर के लोक कलाकार शामिल थे।

## देश की बात फाउंडेशन ने पेपर लीक और राष्ट्रीय रोजगार नीति पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



देश की बात फाउंडेशन के राज्य संयोजक विप्लव साहू, नीलेश यादव, भुनेश्वर वर्मा, उत्तम बागड़े, सोनी सहित अन्य साथियों ने आज खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार के माध्यम से सौंपा गया।

ज्ञापन में फाउंडेशन ने परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी और छात्र-युवाओं के भविष्य पर पड़ रहे अंधकारमय प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की। फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित अपने पत्र का हवाला देते हुए कहा कि ये घटनाएं लाखों छात्रों के विश्वास को तोड़ रही हैं और देश की युवा शक्ति को निराशा की ओर धकेल रही हैं। ज्ञापन में प्रमुख मांगे बेरोजगारी के समाधान के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति लागू की जाए, संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर सभी परीक्षाओं का समयबद्ध भर्ती कैलेंडर अनिवार्य किया जाए, पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधली पर पूर्णतः रोक लगाई जाए, केंद्र और राज्य सरकारों के अंतर्गत रिक्त सरकारी पदों को तुरंत भरा जाए, सरकारी विभागों में संविदा प्रथा और अंधाधुंध निजीकरण पर रोक लगाई जाए,परीक्षा शुल्क में राहत दी जाए और छात्रों को निःशुल्क या सुविधाजनक यातायात उपलब्ध कराया जाए, शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा लिया जाए और पेपर लीक सिंडिकेट पर सख्त कार्रवाई की जाए। देश की बात फाउंडेशन के संयोजकों ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति है। जब प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली होती है तो केवल छात्र ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार इन मांगों को गंभीरता से लेगी और शीघ्र ही ठोस कदम उठाएगी।

## टप्पा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**तुमडीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

प्रभारी प्राचार्य हेमंत साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए प्रवेश उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए निःशुल्क पुस्तकें प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कांति चंद्रवंशी ने बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रोत्साहित किया। शाला समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों से भी जुड़ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अन्नपूर्णा कोटांग्ले ने किया। इस मौके पर ओंकार सिन्हा, पुनीता यादव, नीलम यादव, हुकुमचंद सिन्हा, रोहित सिन्हा आदि मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन वीरेन्द्र रंगारी ने किया।

## योग के साथ बच्चों ने सीखा संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा अमृत उद्यान मुक्तिधाम, ढाबा रोड मोतीपुर राजनांदगांव में संचालित शिक्षा संस्कार पाठशाला में 1 मई से 14 जून 2026 तक सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन भविष्य निर्माण मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि सुबह की ताजी हवा एवं सकारात्मक वातावरण में योग, प्राणायाम, खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपने दिन की स्वस्थ एवं ऊर्जावान शुरूआत करना सीखा है। कार्यक्रम को कल्याणिका देवस्थानम के प्रबंधक सन्यासी किशोरी लाल लाट ने भी संबोधित किया।



#### बच्चों को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में बच्चों को शिवशक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति दीनदयाल कालोनी चिखली द्वारा बच्चों को स्टील पानी बोतल, कापी, पेन सहित अन्य पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद मनोहर यादव, शिव शक्ति धर्मार्थ सार्वजनिक सेवा समिति के उमाशंकर साहू, शेखर ठाकुर, अभिषेक दुबे, गोविंद साहू, विजय पटेल, पुष्पक किसान, अवनी बघेल, दरवेश कमड़े, जीआर देवांगन, रमेश, जीएस ठाकुर, किशोरी लालसहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।

#### विभिन्न खेल का आयोजन

संस्थान के सदस्य धर्मराज यादव ने बताया कि शिविर में बच्चों को नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं विभिन्न खेल गतिविधियां कराई गई। साथ ही बच्चों को योग के महत्व, स्वस्थ जीवन शैली, भारतीय संस्कृति में गाय की महत्ता, धर्म व आध्यात्म तथा अनुशासित एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी गई।

#### बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर फोकस

शिक्षक हेमंत मानिकपुरी द्वारा प्राचीन गुरूकुलीय वातावरण की तर्ज पर पेड़ की छांव में बच्चों को व्यक्तित्व विकास, कैरियर चयन, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मविश्वास बढ़ाने संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान एवं अन्य विषयों की जानकारी सरल, रोचक एवं व्यवहारिक तरीके से प्रदान गई।

## कल होगी नीट की परीक्षा, प्रवेश पत्र जारी

- 1.30 बजे बंद हो जाएंगे परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार
- दोपहर 2 बजे से शाम 5 .15 बजे तक होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा 21 जून रविवार को आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सुबह 11 बजे से प्रवेश दिया जाएगा तथा दोपहर 1.30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जाएगी।

प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा समाप्त होने से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र में केवल पारदर्शी पानी की बोतल, प्रवेश पत्र, स्व-घोषणा पत्र (अंडरटेकिंग) तथा वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी अथवा पासपोर्ट ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री पूरी तरह निषिद्ध रहेगी।

एनटीए ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे परीक्षा केंद्र का स्थान पहले से सत्यापित कर लें ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। विशेष परिधान या धार्मिक रीति-रिवाजों के कारण अतिरिक्त जांच की आवश्यकता होने पर अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है।

प्रवेश पत्र के साथ स्व-घोषणा पत्र पर निर्धारित स्थान पर पोस्टकार्ड आकार का फोटो चिपकाना तथा आवश्यक विवरण भरना अनिवार्य होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को अपने प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। एनटीए ने बताया है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं लागू रहेंगी। अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेसजनों ने किया फल वितरण



**डोंगरगढ़।** नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने जिला इंका महामंत्री विजयराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया। इस मौके पर बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, ओमप्रकाश महानदी, पार्षद के विनायक राव, गजेंद्र साहू, राकेश टंडन, पायल पूर्ति, मोहसिन खान, अजय मंडावी आदि शामिल हुए।

## जिलेभर में कल मनाया जाएगा बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 21 जून को जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाएगा।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग) निर्धारित की गई है। इसके तहत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई की सभी ग्राम पंचायतों तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला आयुष विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय, निजी एवं अन्य संस्थाओं के साथ-साथ व्यक्तिगत रूप से योगाभ्यास करने वाले सभी प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय के योग संगम पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। पंजीयन के लिए प्रतिभागियों को योग संगम पोर्टल का उपयोग करना होगा। योगाभ्यास से संबंधित छायाचित्र भी पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों की सहभागिता का अभिलेखीकरण किया जा सके। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़

## संगठन विस्तार में निभाएं अहम भूमिकाः विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छुईखदान भारतीय जनता युवा मोर्चा के नए पदाधिकारियों की घोषणा के उपरांत सभी पदाधिकारी जिला भाजपा कार्यालय पहुेचे, जहां उनका परिचय बैठक के माध्यम से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें पार्टी के हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की ऊर्जा का प्रमुख केंद्र है और सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार में योगदान देना चाहिए। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम भाजपा जैसे राष्ट्रवादी संगठन से जुड़े हुए हैं और हमें संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू ने कहा कि छुईखदान युवा मोर्चा की नई टीम की घोषणा हो चुकी है और सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए युवाओं की भूमिका को अहम बताया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शशांक ताम्रकार ने किया। इस अवसर पर आनंद सिन्हा, आलोक श्रीवास, रोशन चंद्राकर, शुभम विश्वास, सूरज वर्मा, सन्नी महोबिया, रेखचन्द जंघेल, दुष्यंत जंघेल, सूरज मंडावी, तुषार साहू, प्रकाश साहू, रवि चंद्राकर, अभिजीत चंद्राकर, लोमेश जंघेल, गौकरण साहू, राघवेंद्र जंघेल एवं कमलेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



#### नए दायित्व के लिए दी बधाई

मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नए दायित्व के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दायित्व कार्य, व्यवहार और सक्रियता के आधार पर दिया जाता है, जो कार्यकर्ता समर्पण भाव से कार्य करता है, वही संगठन में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सभी को मिले अवसर का सही उपयोग करते हुए बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार है और ऐसे में युवा मोर्चा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है और संगठन के विस्तार को लक्ष्य बनाकर कार्य करना चाहिए।

## राहुल के जन्मदिन पर कांग्रेस ने जिला अस्पताल में बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को जिला अस्पताल खैरागढ़ में सेवा और जनकल्याण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम खैरागढ़ की विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। कार्यकर्ताओं ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं भी दी। अरुण भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी का जन्मदिन सेवा संवेदना और जनसरोकार के कार्यों के माध्यम से मनाना ही उनके विचारों की चेतना है। कार्यक्रम में विप्लव साहू, कपिनाथ महोबिया, दीपक देवांगन, पुरसोत्तम वर्मा, अरसद हुसैन, रविंद्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, किशन रजक, सूर्यकांत यादव, मोहित भांडेकर, शेखर दास वैसनव, भरत चंद्राकर, महेश यादव, मनोहर सेन, कन्हैया रजक, रतन सिंघी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### सुरेन्द्र दास प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवक संघ के कार्यालय सचिव हलधर दास वैष्णव एवं राजा महेंद्र वैष्णव ने बताया कि वैष्णव सेवा संघ का शीघ्र विस्तार किया जाएगा। वैष्णव सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



देवकुमार निर्वाणी ने छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के चुनाव में प्रचंड मतों से विजयी होने पर शुभकामनाएं देते आशा व्यक्त किया कि अब समाज की विकास व उन्नति निश्चित ही होगा।

प्रदेश अध्यक्ष पद पर प्रचंड मतों विजय प्राप्त करने वाले सुंदरा निवासी दाऊ सुरेंद्र दास वैष्णव, प्रदेश महासचिव पद पर गौरवपूर्ण विजय प्राप्त करने पर पुरैना निवासी दाऊ महेन्द्र वैष्णव एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित लाल बंधु वैष्णव के ऐतिहासिक विजय पर बधाई देने वाले शिव कुमार वैष्णव, शोणित निर्वाणी, पद्दुमन दास वैष्णव, निंलमा वैष्णव, आशा वैष्णव, वैभव निर्वाणी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, राकेश वैष्णव, निखिल वैष्णव, डोमन महराज, साकेत वैष्णव, साकेत निर्वाणी, मुकेश वैष्णव, बलराम दास वैष्णव, एडी निर्मोही, सुरेश वैष्णव के अलावा वैष्णव सेवा संघ के सभी सदस्यों ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### प्रभावितों व आश्रितों के लिए अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए व सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, छुरिया तहसील अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली गिरने से 1 भैंस की मृत्यु होने पर 32 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 12 सालों में भारत की नींव मजबूत : किरण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष



श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि यह 12 वर्षों की यात्रा केवल एक सरकार के कार्यकाल का विवरण नहीं, बल्कि नए भारत के उदय, जनविश्वास, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प की गौरवगाथा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, आधारभूत संरचना, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत ने जिस गति से विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंचों पर उसकी भूमिका लगातार मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, नवाचार और आधुनिक विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया है।

### ओवररेटिंग के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले की समस्याओं को लेकर मोर्चा खोल दिया है। आबकारी, खनिज, आरटीओ और ट्रैफिक विभाग से जुड़े मुद्दों को लेकर मोर्चा ने जिलाधीश के



नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। श्री आलम ने कहा कि जब से यह निजी कंपनी आई है, पड़ोसी जिले खैरागढ़ और मोहला-मानपुर में भी अवैध शराब की गतिविधियां बढ़ी है, जिन पर हाल ही में आबकारी आयुक्त द्वारा कड़ी कार्रवाई करते कई जिलों के एरिया इंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया गया है। ज्ञापन में शहर के भीतर चल रहे अवैध उत्खनन और खनिज माफियाओं पर भी निशाना साधा गया है।

### बिजली बिल की आड़ में जनता से वसूलीः आसिफ

**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता आसिफ अली ने प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर भाजपा सरकार और विद्युत



विभाग पर तीखा हमला बोला है। आसिफ अली ने तंज कसते कहा कि आज राज्य में एक नया ट्रेंड चल रहा है बिजली विभाग की वसूली फुल और जनता के घरों की बत्ती गुल! आसिफ अली ने आंकड़ों का हवाला देते कहा कि जो छत्तीसगढ़ खुद को पावर सरप्लस राज्य कहता है, वह आज खुद अंधेरे से जूझ रहा है। प्रदेश के पावर प्लांट्स की कुल विद्युत क्षमता 30 हजार मेगावाट है। जिसमें अकेले ताप विद्युत संयंत्रों की क्षमता 24 हजार मेगावाट है। इसके बावजूद दूसरे राज्यों को बिजली बेचने वाले छत्तीसगढ़ में खुद अपने ही लोगों के लिए बिजली न सिर्फ महंगी है, बल्कि इसके दर्शन भी दुर्लभ हो गए हैं।

### जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन स्टेडियम में

**राजनांदगांव ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते सुबह 7 से 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास के पश्चात अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी के कलाकार द्वारा विशेष मल्लखंब योग प्रदर्शन एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योग से निरोग रहने के लिए तथा नियमित योग अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का यह संदेश जन- जन तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों, युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सामूहिक योगाभ्यास तथा मल्लखंब योग प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### जिले के पंचायतों में 24 को ग्रामसभा का आयोजन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार राज्य में ग्रामीण प्रगति और पारदर्शिता को बढ़ावा देने 24 जून को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे अंतर्गत चिन्हित परिवारों की सूची का वाचन किया जाएगा तथा ग्रामसभा के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की सूची का अंतिम अनुमोदन किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सूची का प्रदर्शन कर ग्रामीणों के समक्ष उसका वाचन किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की जाएगी। आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची के अलावा ग्रामसभा में नए परिवारों के नाम जोड़ने की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## पृष्ठ 13 का शेष

### खाद-बीज के लिए...

ऐसे में किसान खुले बाजार में दो से तीन गुने दाम पर खाद खरीदने मजबूर हैं। प्रदर्शन में पूर्व विधायक छन्नी साहू, विधायक यशोदा वर्मा, कोमल साहू, लाल टारकेश्वर साह खुशरो, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, शत्रुघन मन्नु चंदेल, नीलाम्बर वर्मा, निर्मला वर्मा, विजय वर्मा, ममता पाल, रोहित सिंह पुलस्त्य, प्रेमलाल साहू, कविता जंघेल, हेमलता, अशोक जंघेल, राधा मोहन वैष्णव सहित सैकड़ों किसान एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ट्रक खराब होने से आई समस्या

# चिखली ओवरब्रिज पर घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली ओवरब्रिज पर आए दिन जम लगने का सिलसिला जारी है। जिससे आवागमन करने लोगों को काफी समस्याएं हो रही है। जाम के चलते स्कूल बस और एम्बुलेंस भी घंटों फंस रहे हैं।

शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे ओवरब्रिज के ऊपर एक ट्रक के ख़राब होने से यहां घंटों जाम लग गया। जिसमें आम लोगों के साथ ही स्कूली बच्चे और चिखली की ओर से आ रही एक एम्बुलेंस भी फंसी रही। ओवरब्रिज के ऊपर जाम लगने की सूचना मिलने पर यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और थोड़ी-थोड़ी देर में एक-एक साईड से कुछ वाहनों को छोड़ा जाता रहा, लेकिन रॉन्ग साइड चलने वाले लोगों की वजह से यह व्यवस्था भी फेल होती रही।




### आवागमन के तीन ही रास्ते

खैरागढ़ की ओर से आने वाले वाहनों सहित पटरी पार के 13 वार्ड के लोगों का आवागमन भी इसी ओवरब्रिज से होता है। पटरीपार से बाजार क्षेत्र की ओर आने के लिए यहां सिर्फ तीन रास्ते ही हैं। जिसमें से ओवरब्रिज मुख्य मार्ग है। ओवरब्रिज पर जाम लगने के बाद गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग और ममता नगर अंडरब्रिज पर भी जाम लग जाता है। इसके बाद शहर के भीतर से वाहन के जरिये इस पार आने के लिए और कोई भी मार्ग नहीं बचता है। स्टेशनपारा और मोतीपुर रेलवे क्रॉसिंग के बंद होने से इस क्षेत्र के लोग बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार आंदोलन के बाद भी स्थिति की जस की तस बनी हुई है।

### रेलवे क्रासिंग और अंडरब्रिज पर भी जाम

ओवरब्रिज के ऊपर सुरक्षित यातायात के लिए डिवाइडर बनाए जाने से ट्रक खराब होने की स्थिति में यहां पर घंटों जाम लग जाता है। ओवरब्रिज पर जाम की वजह से कई वाहन चालक गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग और ममता नगर अंडरब्रिज से होकर निकले। जिसके चलते इन दोनों जगह पर भी यातायात का दबाव बढ़ने से जाम लग गया।

### तीन वर्ष में भी नहीं बना अंडरब्रिज

स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अप्रैल 2023 में शुरू हुआ था और मार्च 2024 तक एक वर्ष के भीतर इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना था, लेकिन निर्माण कार्य में लापरवाही और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बेध्यानी के चलते इसका निर्माण कार्य 3 वर्ष में भी पूरा नहीं हो पाया है। जिसकी वजह से ओवरब्रिज के ऊपर यातायात का दबाव अधिक है।

## अनर्गल बयानबाजी से जनता गुमराह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में केवल राजनीतिक लाभ के लिए दिए जा रहे अनर्गल बयान वास्तविकता से कोसों दूर है।

श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी के बारे में टिप्पणी करने से पहले नेता प्रतिपक्ष को उनके समकक्ष कार्य करने की क्षमता और जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। केवल आरोप लगाने और भ्रम फैलाने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। जनता यह भली-भांति जानती है कि देश को मजबूत नेतृत्व किसने दिया है और विकास की नई ऊंचाइयों तक कौन लेकर गया है।

## नदी किनारे जुआ खेलते 2 पकड़े गए, नगदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

नदी किनारे आम बगीचा में जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो आरोपियों को पकड़ा। जिनसे नगदी रकम व ताशपत्ती बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 18 जून को थाना गंडई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि टिकरीपारा गंडई स्थित नदी किनारे आम बगीचे में कुछ व्यक्ति रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### पुलिस ने मौके पर दी दबिश

सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और 52 पत्ती ताश पर जुआ खेलते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आरोपी विष्णु यादव 44 वर्ष निवासी टिकरीपारा गंडई के कब्जे से 400 रुपए तथा फड़ से 500 रुपए कुल 900 रुपए एवं आरोपी तखत यादव 34 वर्ष निवासी टिकरीपारा गंडई के कब्जे से 220 रुपए तथा फड़ से 400 रुपए कुल 620 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं फड़ से कुल 1520 रुपए नगद तथा 52 पत्ती ताश जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## शाहिद पर्यवेक्षक नियुक्त

**राजनांदगांव।** नपं घुमका के आम निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर प्रतिष्ठा



पूर्ण जीत के पश्चात उपाध्यक्ष का निर्वाचन होना है इस हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू के द्वार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई को पर्यवेक्षक नियुक्त कर एक बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपा गया है एवं उन्हें अविल्ब नगर पंचायत घुमका पहुंचकर स्थानीय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्थानीय जान प्रतिनिधि निर्वाचित पार्षद क्षेत्रीय वरिष्ठ नेताओं से आवश्यक समनवय स्थापित कर योग्य पार्षद को उपाध्यक्ष बनाए जाने की दिशा में कार्य करने के आदेश दिया है।

## चूना पत्थर का अवैध परिवहन करने पर 2 वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीजाभांठा, तुमड़ीबोड़, कोहका, मारगांव, दीवानभेड़ी, मचानपार, मटिया, डोंगरगांव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोहका क्षेत्र में चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर 2 वाहनों को जब्त किया गया। इसके तहत ग्राम पटपर निवासी भोला देवदास के स्वामित्व के माजदा सीजी 08 एएफ 0152 से वाहन चालक मनोज एवं चिचोला निवासी अशरफ अली के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एएन 8053 से वाहन चालक भैयालाल द्वारा चूना पत्थर (गिट्टी) का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते जब्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

## विस अध्यक्ष दो दिवसीय प्रवास पर आज आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 20 एवं 21 जून 2026 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दोपहर 3.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। शाम 4.25 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचेंगे एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 21 जून को सुबह सुबह 7.45 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम पहुंचेंगे एवं हल्बा समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा।

## रामदरबार चौक में हादसा, ट्रक की ठोकर से ट्रैफिक सिग्नल क्षतिग्रस्त

**राजनांदगांव।** शहर के रामदरबार चौक में एक तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से ट्रैफिक सिग्नल और ट्रैफिक पुलिस बूथ क्षतिग्रस्त हो गया।



मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह नागपुर की ओर से रायपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक अपने सामने चल रही दूसरी ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रैफिक सिग्नल के पोल और ट्रैफिक पुलिस बूथ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ट्रैफिक पोल से सिग्नल लाइट टूटकर नीचे गिर गई और पोल क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चौक पर ही ट्रैफिक सिग्नल पोल के नीचे स्थित ट्रैफिक बूथ को भी ट्रक ने जबर्दस्त टक्कर मार दी। जिससे बूथ उखड़कर धराशाही हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते ट्रैफिक सिग्नल दुरुस्त करने की कवायद में जुट गई।

### सिग्नल दुरूस्त करने मशक्कत

ट्रैफिक सिग्नल के क्षतिग्रस्त होने से चौक पर यातायात संभालने पुलिस के जवान तैनात रहे। वहीं क्रेन की मदद से पोल को सीधा करने काफी मशक्कत की गई। ट्रक की टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि चौक पर बने ट्रैफिक बूथ के परखच्चे उड़ गए। हादसे को लेकर पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नीट पेपर लीक का मामला

# कांग्रेस चला रही छात्रों की गूंज अभियान

## महंगी शिक्षा से युवाओं का भविष्य संकट में: मुदलियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीट की कोचिंग के लिए लाखों रुपए खर्च करने और युवाओं की लंबी तैयारी के बाद पेपर लीक पर होने वाले नुकसान और युवाओं के भविष्य की चिंता को लेकर कांग्रेस द्वारा छात्रों की गूंज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत राहुल गांधी द्वारा नीट ट्यूशन के लिए मशहूर कोटा से की गई है। अभियान की जानकारी देने और नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था आज गहरे संकट से गुजर रही है। लगातार पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएं, शिक्षा का बढ़ता निजीकरण, महंगी कोचिंग व्यवस्था और बढ़ती बेरोजगारी ने करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य को असुरक्षित बना दिया है। इन्हीं गंभीर सवालों को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा से राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान की शुरूआत की है। प्रेस कॉफ्रेंस में पार्षद राजा तिवारी ने कहा कि 10 लाख रुपए में पेपर बेचा गया। सरकार ने बच्चों का भविष्य छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को आयोजित नीट का री-एग्जाम इस बात का प्रमाण है कि परीक्षा प्रक्रिया में गंभीर खामियां थी, जिन विद्यार्थियों ने पूरी ईमानदारी और परिश्रम से परीक्षा दी, उन्हें बार-बार मानसिक तनाव और अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है।




### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने कहा कि नीट के 15 छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार शिक्षा का व्यवसाय कर रही है। जान बूझकर पेपर लीक कराया जा रहा है। उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राकेश जोशी, विनय झा, देवेश वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे।

### कम हो गया शिक्षा का बजट

केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले एक दशक में शिक्षा का बजट घटा दिया गया है। कांग्रेस द्वारा कहा गया कि एक समय केंद्र के बजट का 4.7 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया जाता था, जो अब घटकर 2.4 प्रतिशत रह गया है। वहीं देशभर में लगभग एक लाख सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर विद्यार्थियों को महंगी और निजी शिक्षा संस्थानों पर निर्भर होने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### भाजपा सरकार पर 89 बार पेपर लीक का आरोप

देश में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सुरक्षित बनाए जाने की मांग कांग्रेस ने की है। वहीं प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में 89 बार नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक हुआ है।

## देवस्थल के संरक्षण के लिए भवन की स्वीकृति

# विधायक ने अमरैया के नीचे लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मनोरम वादियों और दुर्गम पहाड़ी रास्तों के बीच चारो तरफ पहाड़ों से घिरे हुए महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र से लगे अंतिम गांव मे आज तपती दोपहरी में अमरैया की छांव के नीचे खटिया बिछाकर चौपाल में विधायक ने ग्रामीणों का दर्द महसूस किया। इस बीच कातुलझोरा में पहुंचने वाले आजादी के बाद से अब तक वे पहले विधायक इंद्रशाह मंडावी रहे। रामगढ़ पंचायत अंतर्गत परवीडीह से 3 किलोमीटर आगे पश्चिम की ओर कातुलझोरा में एक ही परिवार के 13 लोग तीन पीढ़ी से निवासरत हैं। इस गांव से 500 मीटर की दूरी पर महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र है। अंतिम सीमा के बाद बोटेझर, नारकसा, बिमनकोजी जैसे गांव आते हैं, जहां से सीमा क्षेत्र सावरगांव-मुरूमगांव महाराष्ट्र से सीधे जुड़ता है।



### राशन के लिए पहाड़ी उतरकर पहुंचते हैं परवीडीह

ग्रामीण रामदास धुर्वे ने विधायक को बताया कि उनकी तीन पीढ़ी पहाड़ी पर निवास कर रहा है। शासकीय योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरकर मुख्यालय जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दैनिक उपयोग के सामान या साप्ताहिक बाजार के लिए परवीडीह का रूख करते हैं। ग्रामीणों ने देवस्थल के संरक्षण के लिए भवन की मांग रखी, जिस पर विधायक ने भवन देने का तत्काल स्वीकृति भी प्रदान किया है। नोहरु कुमेटी, सत्तो तुलावी सरपंच रामगढ़, रसीद हुसैन जोन अध्यक्ष, अशोक मांझी रामगढ़, अंतरसिंग हिडामे पटेल ग्राम परवीडीह, सुमेन सिंह धुर्वे पटेल ग्राम कातुलझोरा, श्याम सिंह तुलावी पटेल ग्राम रामगढ़, मोहन बोगा गायता पारडी, आवेन्द्र शाह सरपंच मरकाटोला, लीला हिडामे , देवलाल मांझी वार्ड पंच रामगढ़, रामसाय बोगा पूर्व वार्ड पंच रामगढ़, जयसिंह हिडामे, धर्मेंद्र तुलावी, रामनाथ धुर्वे ग्राम कातुलझोरा, धिरपाल बोगा बूथ अध्यक्ष, तिलक आतराम एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बिजली पहुंची पर मीटर अब लगा

ग्राम पटेल सुमेंद्र धुर्वे सप्ताहभर पहले विधायक इंद्रशाह मंडावी से मुलाकात करने मोहला आए थे, जहां उन्होंने मुख्य रूप से कातुलझोरा में बिजली कनेक्शन तथा सड़क निर्माण के लिए मांग किया था। विधायक ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को तुरंत दूरभाष से तीन दिन में बिजली मीटर लगाने निर्देशित किया एवं मीटर लगाने के पश्चात स्वयं कातुलझोरा जाऊंगा करके कहा और सुकुन भरी बात ग्राम पटेल ने बताया कि निर्धारित दिनों में घर-घर तक बिजली मीटर लग गया है। उन्होंने विधायक श्री मंडावी को जल्द लाइट शुरू कराने के लिए धन्यवाद व्यापित किया।

## निःशुल्क बिजली, 50 फीसदी छूट का मिलता रहेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नए टैरिफ संशोधन के बीच राजनांदगांव क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। क्षेत्र के चारों जिलों के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ पहले की तरह मिलता रहेगा। जिससे बिजली दरों में हुई वृद्धि का असर बेहद सीमित हो जाएगा।

चारों जिलों में गरीबीरेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले कुल 1,17,661 उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक शासन द्वारा पूरी तरह से निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस पूरी राशि का वहन राज्य सरकार स्वयं करेगी। कबीरधाम जिलाः 54,886 बीपीएल उपभोक्ता, राजनांदगांव जिलाः 25,000 बीपीएल उपभोक्ता, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलाः 23,834 बीपीएल उपभोक्ता खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलाः 13,941 बीपीएल उपभोक्ता को 30 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत योजना के अंतर्गत चारों जिलों के कुल 3,82,519 घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक की बिजली खपत पर 50 प्रतिशत की भारी छूट मिलती रहेगी। जिसमें राजनांदगांव जिलाः 1,92,000 उपभोक्ता, कबीरधाम जिलाः 93,010 उपभोक्ता, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलाः 62,369 उपभोक्ता, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिलाः 35,140 उपभोक्ताओं को लाभ मिलता रहेगा। इन सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के कारण ही चारों जिलों के अधिकांश घरेलू उपभोक्ताओं पर वास्तविक विद्युत दर वृद्धि का असर शून्य से लेकर केवल 3.65 प्रतिशत के बीच ही सीमित रहेगा।

## फर्जी बिलों से लाखों के भुगतान के आरोपों की जांच करने पहुंची टीम

# मंडलाटोला में कथित घोटाले की जांच के दौरान मचा बवाल

■ हंगामे के बीच उपसरपंच सहित चार पंचों ने किया समझौता, एक पंच अंत तक जांच पर अड़ा रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बोड़ला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडलाटोला में 15वें वित्त आयोग की राशि के कथित दुरुपयोग और फर्जी बिलों के जरिए लाखों रुपए के भुगतान के आरोपों की जांच गुरुवार को उस समय विवादों में घिर गई, जब जांच प्रक्रिया के बीच ही समझौते का नया मोड़ सामने आ गया। जिस मामले में पंचायत के पंचों ने स्वयं लिखित शिकायत कर सचिव पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए थे, उसी मामले में जांच शुरू होते ही शिकायतकर्ताओं के एक बड़े वर्ग के पीछे हटने से कई सवाल खड़े हो गए हैं।

जांच के दौरान पंचायत भवन में करीब एक घंटे तक हंगामा और तीखी बहस होती रही। अंततः उपसरपंच प्रतिभा वर्मा सहित चार पंचों ने समझौते संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए, जबकि पंच नेम सिंह धुर्वे अंतिम समय तक निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़े रहे। पूरे घटनाक्रम ने ग्रामीणों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

ग्राम पंचायत मंडलाटोला की उपसरपंच प्रतिभा वर्मा एवं अन्य पांच पंचों ने 21 मई को जनपद पंचायत बोड़ला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) आकाश सिंह राजपूत को लिखित शिकायत सौंपी थी। शिकायत में पंचायत सचिव जवाहर श्रीवास पर 15वें वित्त आयोग की राशि में फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए के गबन, आय-व्यय का विवरण नहीं देने तथा पंचों को विश्वास में लिए बिना निर्माण कार्य कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले को गंभीर मानते हुए जनपद सीईओ ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर 18 जून को मौके पर जांच के निर्देश दिए थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जांच दल गुरुवार को पंचायत मुख्यालय पहुंचा और जांच प्रक्रिया शुरू की। जांच के दौरान पंचायत भवन में सरपंच गीता देवी धुर्वे, सचिव जवाहर श्रीवास, उपसरपंच प्रतिभा वर्मा, पंच सोनेलाल, अमेरिका बाई, ममता बाई, पूजा बर्मन, नेम सिंह धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

जांच दल ने पहले उपस्थित लोगों का पंचनामा तैयार किया और शिकायत से संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा शुरू की। प्रारंभिक जांच शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी, लेकिन जैसे ही कथित फर्जी बिलों और भुगतान संबंधी बिंदुओं पर चर्चा शुरू हुई, माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जांच के दौरान शिकायतकर्ता पंचों और सरपंच पक्ष के बीच समझौते की चर्चा शुरू होते ही पंचायत भवन में तीखी बहस छिड़ गई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच करीब एक घंटे तक हंगामे की स्थिति बनी रही। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंचों के परिजनों और अन्य ग्रामीणों को पंचायत भवन से बाहर कर दिया गया। इसके बाद केवल पंचों और संबंधित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में चर्चा जारी रही। इसी दौरान उपसरपंच प्रतिभा वर्मा समेत चार पंचों ने समझौते संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर दिए। हालांकि पंच नेम सिंह धुर्वे ने किसी भी प्रकार के समझौते से साफ इनकार कर दिया और जांच पूरी होने तक मामले की निष्पक्ष पड़ताल की मांग करते रहे।

### सचिव और सरपंच पर फर्जी बिल के लगे गंभीर आरोप



शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि पंचायत सचिव जवाहर श्रीवास ने 15वें वित्त आयोग की राशि से विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर फर्जी बिल प्रस्तुत कर भुगतान दर्शाया है। आरोप यह भी लगाया गया कि जिन कार्यों को 15वें वित्त आयोग की राशि से कराया गया, उन्हीं कार्यों को अन्य शासकीय मदों में भी दर्शाकर दोहरी राशि निकाली गई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि कई निर्माण कार्य पंचायत की बैठक में प्रस्ताव और स्वीकृति के बिना कराए गए तथा खर्च से संबंधित जानकारी पंचों को उपलब्ध नहीं कराई गई। इसी आधार पर पंचों ने वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग की थी।

### अब उठ रहे सवाल, समझौते के पीछे अन्य कारण?

पूरे घटनाक्रम के बाद ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही चर्चा का विषय बना हुआ है कि जांच शुरू होने से पहले तक जो पंच सचिव पर लाखों रुपए के गबन, फर्जी बिल और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगा रहे थे, वे जांच के दौरान अचानक समझौते के लिए तैयार कैसे हो गए। क्या शिकायतकर्ताओं को अपने आरोप निराधार प्रतीत होने लगे, या फिर समझौते के पीछे कोई अन्य कारण है? यह सवाल अब गांव की चौपाल से लेकर पंचायत गलियारों तक चर्चा का विषय बना हुआ है।

### जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

फिलहाल पूरे मामले की सच्चाई जांच समिति की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। यदि जांच में शिकायतों की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई की संभावना बन सकती है। वहीं यदि आरोप निराधार पाए जाते हैं तो शिकायतकर्ताओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है। ग्रामीणों की नजर अब जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हुई है, जो इस पूरे विवाद के पीछे की वास्तविक तस्वीर सामने ला सकती है।

# वृंदावन उद्यान में योग दिवस की तैयारी



■ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर है योगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रकृति के सौंदर्य से परिपूर्ण सरोधा जलाशय वृंदावन उद्यान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व 21 जून के सामान्य योगासनों का अभ्यास कराया जा रहा हैं।

बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने बताया की योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। यह प्राचीन भारतीय परंपरा शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है और तनाव, खराब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग साधकों द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेंदरची, लालपुर कला, जैतपुरी, सिंघनपुरी, सरोदा, कांपा सहित 10 पंचायतों में निःशुल्क रूप से योग कक्षा का आयोजन किया जाएगा। वहीं सरोधा जलाशय वृंदावन उद्यान में योग कक्षा में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ पुलिस जवाब देही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, नंद श्रीवास उपाध्यक्ष, लोकचंद साहू,राजेश साहू, मिलूराम साहू, अजय कौशिक, गुलाब साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### प्राथमिक शाला बीजाझोरी में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




**बरबसपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी में नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेशोउत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का स्कूल में आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना था। तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल के शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों द्वारा पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर, अक्षत लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। नए बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और गणवेश भी वितरित की गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और हर बच्चे को नियमित रूप से स्कूल भेजना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। स्कूल में बच्चों को खेल-खेल में और रोचक तरीकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। इस दौरान स्कूल के सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुर्वे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल शिक्षा समिति अध्यक्ष भोजकुमार एवं सदस्यगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थें।

**खबर संक्षेप**

### गांव-गांव चलेगा स्वच्छता अभियान

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बोड़ला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में ग्राम पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) संजय सोनी ने नियमों के अंतर्गत निर्धारित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घरों एवं संस्थानों से निकलने वाले कचरे का चार श्रेणियों में पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए। स्वच्छाग्रहियों के माध्यम से ग्रामीणों को कचरा पृथक्करण, स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया।

# विधायक ने किया जनसंपर्क, सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम कोलेगांव पहुंचने पर विधायक भावना बोहरा का ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

जनसंपर्क के दौरान विधायक ने कपिल साहू एवं मनीराम साहू के निवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन एवं प्रभाव की जानकारी प्राप्त की।

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक भावना बोहरा ने ग्राम स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, ओमप्रकाश यदु, श्रीमती नंदनी साहू, रामाधार शर्मा, विकास पांडेय, मनहरण साहू, नरेश साहू, श्रीमती भानुमति साहू, डॉ संतोष साहू, संतोष चंद्रवंशी, परमेश्वर साहू, घनश्याम चंद्रवंशी, भागवत साहू, शेखर सिंगरौल, धर्मेंद्र साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# योग जागरूकता के लिए शहर में निकली रैली प्रमुख चौराहों पर किया सामूहिक योगाभ्यास

■ योग साधकों ने सामूहिक योगासन व प्राणायाम का प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व जिले में योग के प्रति जनजागरण का संदेश देने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति कवर्धा द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली शारदा संगीत विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिग्नल चौक, महाराणा प्रताप चौक और भारत माता चौक पहुंची, जहां योग साधकों ने सामूहिक रूप से योगासन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे स्वस्थ एवं निरोग जीवन जी सकें। रैली के दौरान योग भगाए रोग का संदेश देते हुए नागरिकों को योग के महत्व से अवगत कराया गया।

विभिन्न चौकों पर हुए योगाभ्यास को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे और योग के प्रति रुचि दिखाई। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक अजय चंद्रवंशी, महिला पतंजलि योग समिति की प्रभारी उमा चंद्रवंशी, महामंत्री रामचंद्र जायसवाल, विनीता चंद्रवंशी, संगठन महामंत्री अशोक चंद्रवंशी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण गुप्ता, तहसील प्रभारी एवनाथ चंद्रवंशी, कृष्णा साहू, बाली वर्मा, रोहित जायसवाल, शशि ठाकुर, रमेश साहू, कोमल जायसवाल, प्यार सिंह ठाकुर, मालू सिंह ठाकुर, बद्री जायसवाल, शैलेंद्र साहू, रेवेन्द्र साहू, गिरधर, शीला राजपूत, प्रभा शिवहरे, प्रतिभा चंद्रवंशी, रागिनी साहू, मंजू चंद्रवंशी, सरिता साहू, ममता साहू, नीतू पटेल, पूर्णिमा साहू सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल थें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल की विशेष उपस्थिति रही।

# ब्लॉक कांग्रेस कुण्डा ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंडा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में कार्यक्रम आयोजित कर मरीजों को फल वितरण किया गया तथा केक काटकर उनका जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के दीर्घायु एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा सच्चाई, संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय तथा देश के वंचित, शोषित एवं कमजोर वर्गों की आवाज को बुलंद करने के लिए किए जा रहे संघर्ष का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कुंडा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, दामापुर मंडल अध्यक्ष प्रमोद पात्रे, जिला महामंत्री शिवकुमार चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष हेमू साहू, ब्लॉक महामंत्री सत्येंद्र दिवाकर, ब्लॉक मीडिया प्रभारी धनंजय कुर्रे, बूथ प्रभारी राधे घृतलहरे, धनेश कुमार, संतोष गेंदले सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 471 ग्राम पंचायतों व आश्रित ग्रामो में होगा ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के 471 ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामो में 24 जून 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सभा में 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका ग्रामीण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 की स्थाई प्रतीक्षा सूची पर चर्चा होगी जिसमे शासन की दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं के विषय पर ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी।

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Saroja Bai Yadav W/o Parikshit Yadav R/o 3, Jeodan Kalan, PO. Maharjpur, DIST. Kawardha, Chhattisgarh - 491995 have changed my name and shall here after be known as Sarojbai Yadav.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Saroja Bai Yadav**
Signature
(in existing Old Name)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Aijaya S/o Ram Kumar Bahal R/o Ghothiya, PO. Kawardha, DIST. Kabeerdham, Chhattisgarh - 491995 have changed my name and shall hereafter be known as Ajay Baghel.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Aijaya**
Signature
(in existing Old Name)

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, Ohit Kumar Sahu S/o Ramraj Sahu R/o 334, Dashrangpur, Dashrangpur, Kabeerdham Kawardha, Chhattisgarh-491336 have change the name of my minor daughter Predna Sahu aged 14 Years and she shall hereafter be known as Prerana Sahu.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**Ohit kumar Sahu**
[Signature of Guardian]

# सैहामालगी में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

नए शिक्षा सत्र में स्कूली छात्र छात्राओं में गजब का उत्साह दिखा। प्रदेश सरकार विष्णु देव साय द्वारा शिक्षा को लेकर विशेष अभियान ने अभिभावकों में उत्साह भर दिया है, एक मुहीम के तहत पालकों के घर तक शिक्षक पहुंच रहे हैं, जिन बच्चों के पालक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं, उनको शिक्षा की महत्ता समझाई जा रही है। प्रवेशोत्सव के दौरान प्रदेश के हर स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया।



उसी कड़ी में सैहामालगी के आर्यन पब्लिक स्कूल में छोटे बच्चों को कॉपी-पेन भेंटकर कर स्वागत किया गया। जिस पर अश्वनी यदु ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया एवं नशा से दूर रहने का संकल्प दिलाया। वहीं ग्राम पंचायत सरपंच लेखराम सिंगरौल ने बच्चों को संस्कार के साथ आगे बढ़ने की बात कही। कार्यक्रम में आर्यन पब्लिक स्कूल में अध्यक्ष राधेलाल चंद्रवंशी, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं व पालक गण उपस्थित थें।

**// मुकदमे के फैसले के बारे में समंस //**

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार न्यायालय
प्रकरण क्रमांक 14/2025
पेशी तारीख – 13/07/2026
प्रोसेस नंबर – 283 / 2026

संतराम सिंग धुर्वे------------------आवेदक

**बनाम**

संतरी बाई वगैरह--------------अनावेदकगण

बनामः- आम जनता (जिस किसी का इससे संबंध हो)

क्योंकि आवेदकगण ने आपके खिलाफ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 13.07.2026 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज तारीख 20 माह 05 सन 2026 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीपः-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी।

(कु. रूचिता अग्रवाल)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ...ब 121 / वर्ष 2025-26
आवेदिका – संतोषी पति रामवतार ध्रुव जाति गोड निवासी ग्राम पण्डरिया तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरिया प.ह.नं. 36 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी पति रामवतार ध्रुव जाति गोड साकिन पण्डरिया तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदिका के पुत्र निक्की ध्रुव पिता रामवतार ध्रुव की मृत्यु दिनांक 07.07.2017 को ग्राम पण्डरिया में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 25-06-2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 08-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक 8. 06. 2026
पेशी दिनांक 25. 06. 2026

तहसीलदार
पण्डरिया





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। सुबह 6 बजे आयोजित परेड की सलामी एसपी धर्मेंद्र सिंह ने ली, जबकि परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, एसडीओपी अखिलेश कौशिक, जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक तथा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। परेड के दौरान पुलिस बल ने अनुशासन, एकरूपता, सजगता और समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एसपी ने जवानों के टर्नआउट, वर्दी, कदमताल, सलामी, पंक्तिबद्धता तथा कमांड के प्रति प्रतिक्रिया का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में परिलक्षित कमियों को दूर करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसपी ने रक्षित केंद्र में उपलब्ध शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर उनकी स्वच्छता, रखरखाव और तकनीकी स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को वाहनों को सदैव परिचालन योग्य बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र सिंह ने नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, त्वरित निर्णय और टीम समन्वय के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नियमित प्रशिक्षण और परेड से पुलिस बल की कार्य कुशलता, आत्मविश्वास और जनसेवा की क्षमता में निरंतर वृद्धि होती है।

### हाई स्कूल छिरहा में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश को एक यादगार उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी और विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके बाद शाला परिवार ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के सभापति प्रतिनिधि विजय पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी स्कूल का पहला दिन विद्यार्थियों के जीवन में बेहद अनमोल और यादगार होता है। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष चैन सिंह पटेल, स्थानीय सरपंच सुरेश पटेल, निरंजन पटेल, भगत पात्रे एवं जलेश्वर पटेल ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्र की शुरुआत से ही प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया और घोषणा किया कि कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दिया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों और छात्र-हित में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राहुल गांधी के जन्मदिवस पर सेवा व सम्मान कार्यक्रम



**कवर्धा।** राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में सेवा, समर्पण और मानवता का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं का दल कवर्धा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचा, जहां बुजुर्गजनों को शाल एवं फल भेंट कर उनका सम्मान किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को बुलंद करने, सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से मनाना उनकी विचारधारा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है तथा आगे भी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, मणिकांत त्रिपाठी, महामंत्री मनीष शर्मा, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, वीरेंद्र जांगड़े, सतीश गहरवार, आकाश केसरवानी, शहर कांग्रेस महामंत्री श्रीमती पुष्प लता जोशी आदि उपस्थित थे।

**समस्या:** पुटपुटा-सेंदुरखार मार्ग बाधित, स्कूली बच्चे, शिक्षक और ग्रामीण दोनों ओर फंसे

# वनांचल क्षेत्र में झमाझम बारिश से उफनी आगर नदी, ढोलढोली रपटा पर बहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में मानसून अब धीरे-धीरे सक्रिय होता नजर आ रहा है। विशेषकर पंडरिया विकासखंड के वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है।

शुक्रवार को ग्राम पुटपुटा और सेंदुरखार क्षेत्र में हुई तेज बारिश के चलते स्थानीय आगर नदी में साल की पहली बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई, जिससे क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया के वनांचल क्षेत्र में गुरुवार से रुक-रुककर लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास शुरू हुई झमाझम बारिश काफी देर तक जारी रही। पहाड़ी और वन क्षेत्रों में हुई इस भारी वर्षा के कारण आगर नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पुटपुटा-सेंदुरखार मार्ग पर स्थित ढोलढोली रपटा के ऊपर से पानी बहने लगा।

रपटा पर पानी आने से आवागमन प्रभावित हो गया और स्कूली बच्चे, शिक्षक तथा ग्रामीण दोनों ओर फंस गए। इस दौरान कुछ लोग जोखिम उठाकर रपटा के ऊपर बह रहे पानी के बीच से आवागमन करते भी नजर आए, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

#### हर साल की समस्या, मांग पर नहीं हो रही सुनवाई

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि विकासखण्ड पंडरिया की आगर नदी में बने इस रपटा में हर साल बारिश के दिनो में ऐसी समस्या बार-बार निर्मित होती है। जिसे देखते हुए क्षेत्रवासियों द्वारा टोलटोली में पुलिया निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन आज पर्यंत तक शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिों द्वारा इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानो को अब फिर से भुगतना पड़ रहा है।



#### खेती-किसानी के कार्यों में आएगी तेजी, किसानो ने शुरू की धान बोआई की तैयारी

मानसून की सक्रियता बढ़ने से किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई देने लगी है। जिले में अधिकांश किसानों ने खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की खेती के लिए खेतों की तैयारी पहले ही शुरू कर दी है। पर्याप्त वर्षा होने पर धान थरहा तैयार करने के साथ-साथ बोआई का कार्य भी गति पकड़ने लगेगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार वर्षा होती रही तो खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आएगी और किसानों को समय पर कृषि गतिविधियां शुरू करने का अवसर मिलेगा। फिलहाल वनांचल क्षेत्रों में हुई अच्छी बारिश को मानसून के मजबूत आगमन का संकेत माना जा रहा है।

#### शहरी क्षेत्रों में हल्की बारिश, गर्मी से राहत

दूसरी ओर कवर्धा शहर और मैदानी क्षेत्रों में मानसून का प्रभाव अपेक्षाकृत कम दिखाई दिया। शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन बारिश अधिक समय तक नहीं टिक सकी। इसके बावजूद मौसम में आए बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली। मौसम के बदलते रुख को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में जिलेभर में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो सकता है और वर्षा की गतिविधियों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## टूटे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से चार भैंसों की मौत, विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर

- तीन गर्भवती भैंसों के मरने से पशुपालक को भारी नुकसान, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम झिंगराडोंगरी में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी की कथित लापरवाही के चलते चार भैंसों की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना में पशुपालक को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

ग्रामीणों ने मामले में विद्युत विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झिंगराडोंगरी निवासी अंजोरी यादव की चार भैंसें गुरुवार को गांव के मुक्तिधाम के पास चर रही थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइन का तार टूटकर जमीन पर



गिरा हुआ था। चारा चरते समय भैंसें विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गईं, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृत भैंसों में तीन गर्भवती थीं, जिससे पशुपालक को और अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पशुपालक अंजोरी यादव तथा कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### विद्युत विभाग पर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि मुक्तिधाम के पास विद्युत तार टूटकर जमीन पर गिरने की जानकारी पहले ही विद्युत विभाग को दे दी गई थी। इसके बावजूद विभाग द्वारा न तो तत्काल बिजली आपूर्ति बंद की गई और न ही तार को हटाने या सुधारने की कोई कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम उठाए गए होते तो इस हादसे को टाला जा सकता था।



## स्कूल बसों की जांची गई सुरक्षा व फिटनेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नए शैक्षणिक सत्र एवं विद्यालयों के संचालन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम क्षेत्र अंतर्गत संचालित स्कूल बसों का विशेष फिटनेस परीक्षण, जाँच किया गया।

यह जांच पुलिस विभाग, परिवहन विभाग तथा जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पीजी कॉलेज मैदान परिसर में की गई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव पाटले ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान 130 स्कूल बसों का फिटनेस परीक्षण किया गया।

जांच में सभी 130 वाहनों के आवश्यक दस्तावेज वैध पाए गए। वहीं सुरक्षा मानकों की जांच के दौरान 07 स्कूल बसों में पैनिक बटन, 05 स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र, 11 स्कूल बसों में प्राथमिक उपचार किट तथा 01 स्कूल बस में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं पाई गई। संयुक्त जांच दल द्वारा संबंधित स्कूल बस संचालकों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण एवं सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

स्कूल बसों के संचालन में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण एवं जांच अभियान जारी रहेंगे।

परिवहन विभाग द्वारा सभी विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने कहा है।

## विधायक भावना ने स्वयं के व्यय से ग्राम डोंगरिया कला में बनवाई सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत डोंगरिया कला में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपने स्वयं के व्यय से सड़क निर्माण कार्य कराकर ग्रामीणों एवं किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है।

ग्राम डोंगरिया कला में लंबे समय से सड़क की समस्या के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों तथा किसानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक भावना बोहरा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल पहल की और अपने निजी व्यय से सड़क निर्माण कार्य करवाया।

सड़क निर्माण पूर्ण होने से अब ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही है तथा किसानों को कृषि उपज के परिवहन में भी आसानी होगी। जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी एवं ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और तत्परता क्षेत्र के विकास के लिए प्रेरणादायक है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनने से गांव की तस्वीर बदल गई है और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### अब सेवा-सेतु केंद्र में 442 डिजिटल सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य शासन ने नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और डिजिटल रूप से सुलभ बनाने की दिशा में पहल करते हुए प्रदेश में संचालित लोक सेवा केंद्रों का उन्नयन कर उन्हें अब सेवा - सेतु केंद्र नाम दिया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिकतम शासकीय एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से 73 सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब सेवा-सेतु केंद्रों के जरिए 442 सेवाएं नागरिकों को प्रदान की जा रही हैं। इससे शासन की सेवाएं गांव-गांव और आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। नई व्यवस्था से समय, श्रम और संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ सेवाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।

**पंडरिया के सर्व हिन्दू समाज ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

## जामड़ी पाटेश्वरधाम में तोड़फोड़ के खिलाफ आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

बालोद जिले के सुप्रसिद्ध जामड़ी पाटेश्वर कौशल्याधाम में निर्माणाधीन माता कौशल्या मंदिर में कुछ विघ्नसंतोषी तत्वों द्वारा की जा रही तोड़फोड़ और विरोध के खिलाफ पंडरिया क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सर्व हिन्दू धर्म जागरण मंच व सर्व हिन्दू जन जागरण वनांचल क्षेत्र कुई कुकदूर के तत्वावधान में स्थानीय नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री गृहमंत्री और राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने और असामाजिक तत्वों पर तत्काल रोक लगाने की पुरजोर मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की पावन जन्मभूमि है।

जामड़ी पाटेश्वर धाम में जन-सहयोग से एक विशाल और ऐतिहासिक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है, जहाँ माता कौशल्या के साथ-साथ विभिन्न देवी-देवताओं और सनातन धर्म के संतों की मूर्तियाँ स्थापित की जा रही हैं। सद्गुरु राम बालक दास महात्यागी महाराज के नेतृत्व में यह स्थल पिछले पचास वर्षों से तपस्थली के रूप में विख्यात है, जो समाज में जाति-पाति, ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर 'समरसता' और एकता का संदेश दे रहा है। बच्चे अपनी गुल्लक फोड़कर इस मंदिर के निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

#### विघ्नसंतोषी तत्वों द्वारा लगातार किया जा रहा माहौल बिगाड़ने का प्रयास



प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जहां एक ओर यह धाम सर्वसमाज को एक छत के नीचे लाने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक व विघ्नसंतोषी तत्व झूठे आरोप लगाकर आश्रम परिसर में तोड़फोड़ कर रहे हैं। बार-बार मंदिर को निशाना बनाए जाने से देश-प्रदेश के लाखों सनातनी भक्तों की आस्था को गहरी ठेस पहुँच रही है। ज्ञापन में की गई प्रमुख मांगों में प्रमुख रूप से जामड़ी पाटेश्वर कौशल्या धाम में चल रहे निर्माण कार्य और आश्रम पर लगाए जा रहे झूठे आरोपों की निष्पक्ष जांच परिसर में हो रही तोड़फोड़ और बाधाओं पर प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से रोक तथा आश्रम और निर्माणाधीन मंदिर को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की मांग शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से सुखचैन प्रसाद चंद्रवंशी, शिवकुमार नायक, साधुराम कोठरी, मूलाराम, संतोष कुमार, मोहित राम, मयाराम, राजकुमार, आनंद, एवम जोगेश सहित वनांचल क्षेत्र के बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और सर्व हिन्दू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नो-एंट्री की उड़ रही धज्जियां, नगर के मिलन चौक पर टली बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर के मिलन चौक के पास शुक्रवार को एक बड़ी सड़क दुर्घटना होते-होते टल गई। जानकारी के अनुसार एक कोटवार अपनी मोटरसाइकिल से अपने कार्य पर जा रहा था। इसी दौरान चिल्फी की ओर से नो-एंट्री जोन में घुसी एक तेज रफ्तार ट्रक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे बाइक सवार सीधे ट्रक की चपेट में आते-आते बच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कोटवार ट्रक के पहिए के नीचे दबने से बाल-बाल बचा। हादसे में उसे मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बोड़ला में नो-एंट्री नियम सिर्फ कागजों तक सीमित हैं।



भारी वाहन दिनदहाड़े बेखौफ नगर के भीतर प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन और यातायात व्यवस्था पर कोई असर नहीं दिख रहा। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है? नगरवासियों ने मांग की है कि नो-एंट्री जोन में भारी वाहनों की आवाजाही पर तत्काल सख्ती की जाए, नियमित जांच अभियान चलाया जाए और नियम तोडऩे वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।